वर्ष- 3 , अंक- 86
छपरा
18 फरवरी बुधवार 2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

एआई इंपैक्ट समिट का दूसरा दिन :

# पीएम मोदी ने लोगों के हित के लिए टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर दिया जोर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन लोगों के हित के लिए साइंस और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर जोर दिया।



पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, 'बुद्धिमत्ता, तर्कशीलता और निर्णय-क्षमता विज्ञान और टेक्नोलॉजी को जन-जन के लिए उपयोगी बनाती हैं। India AI Impact Summit का उद्देश्य भी यही है कि कैसे एआई का इस्तेमाल सर्वजन के हित में हो। '

**संस्कृत का श्लोक भी था शामिल :**पीएम मोदी की पोस्ट में शुश्रूषा श्रवणं चैव ग्रहणं धारणां तथा। ऊहापोहोऽर्थविज्ञानं तत्त्वज्ञानं च धीगुणाः॥ एक संस्कृत श्लोक भी था, जिसका मतलब था 'सुनने की इच्छा, ध्यान से सुनना, समझना, याद रखना, तर्क करना, फैसला लेना, मतलब समझना और सिद्धांतों का ज्ञान ये सभी बुद्धि के गुण हैं और बुद्धि की नींव बनाते हैं। '

सोमवार को समिट के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्सपो के उद्घाटन के दौरान जिम्मेदार और सबको साथ लेकर चलने वाले एआई के लिए भारत के कमिटमेंट पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी लीडर्स समेत एग्जिबिटर्स से बातचीत की, जिन्होंने अलग-अलग सेक्टर्स में एआई एप्लीकेशन्स दिखाए।

## देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश : अशिवनी वैष्णव




**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों (एआई स्टैक) में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जीतिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा।

## भारत ने ईरान से जुड़े तीन तेल टैंकर जब्त किए, नाम-झंडा भी बदला; अमेरिका ने लगाया था प्रतिबंध



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने इस महीने तीन अमेरिकी प्रतिबंधित तेल टैंकर जब्त किए, जो ईरान से जुड़े थे। इस कदम का उद्देश्य अपनी समुद्री सीमा में अवैध तेल व्यापार और जहाजों के बीच छिपे हुए ट्रांसफर को रोकना है, जिससे तेल की वास्तविक उत्पत्ति का पता नहीं चलत। सूत्रों के अनुसार इन तीन टैंकरों (स्टेलर रूबी, अस्फाल्ट स्टार और अल जफजिआ) ने अक्सर अपनी पहचान बदलकर कानून से बचने की कोशिश की। इन टैंकरों के मालिक विदेशों में स्थित हैं। जबकि ईरान की राष्ट्रीय तेल कंपनी ने बताया कि इन तीन टैंकरों का उनके साथ कोई संबंध नहीं था।

**भारतीय तटरक्षक की सक्रिय निगरानी :**भारतीय तटरक्षक ने अपने समुद्री क्षेत्रों में चौबीसों घंटे निगरानी के लिए लगभग 55 जहाज और 10-12 विमान तैनात किए हैं। पिछले महीने ही एक अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी गिरोह को भी तटरक्षक ने पकड़ा था। सूत्रों के अनुसार, ये टैंकर बड़े पैमाने पर सस्ते तेल और तेल आधारित माल को मध्य समुद्र में अन्य जहाजों में ट्रांसफर कर तस्करी करते थे। बताया गया है कि ये जहाज पहचान छिपाने के लिए बार-बार अपना नाम, झंडा और अन्य पहचान बदल रहे थे। भारत की तटरक्षक टीम ने इलेक्ट्रॉनिक डेटा, दस्तावेजों की जांच और क्रू से पूछताछ कर अपराधियों के काम करने का तरीका उजागर किया।

# पंजाब मुख्यमंत्री को घातक केमिकल पोलोनियम देने का दावा, अस्पताल में भर्ती

## खालिस्तानी संगठन की इसे बम से उड़ाने की धमकी झूठी निकली

**मोहाली,एजेंसी।** मोहाली के स्कूलों को धमकी भरी ई-मेल भेजकर स्कूलों के साथ फोर्टिस अस्पताल को भी उड़ाने की धमकी दी गई। इसी फोर्टिस अस्पताल में पंजाब के सीएम भगवंत मान सोमवार दोपहर बाद भर्ती हुए थे। धमकी भरी मेल में ब्लास्ट का टाइम मंगलवार दोपहर 1.11 बजे दिया गया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। खालिस्तान नेशनल आर्मी नामक संगठन की भेजी यह धमकी झूठी निकली।

इस धमकी की मेल में दावा किया गया था कि सीएम भगवंत मान को भाई दिलावर सिंह के वारिसों ने पोलोनियम से संक्रमित किया है। अगर वह बच गए तो बेअंत जैसा हाल करेंगे।

फोर्टिस अस्पताल से ष्टरू भगवंत मान की लाश ही निकलेगी। पंजाब के दिवंगत पूर्व सीएम बेअंत सिंह को दिलावर सिंह नाम के कॉन्स्टेबल ने चंडीगढ़ सचिवालय में मानव बम से उड़ाया गया था।


पोलोनियम दुर्लभ रेडियोएक्टिव पदार्थ है, जो अत्याधिक विषैला होता है। हालांकि सीएम को पोलोनियम से संक्रमित कब, कहां और कैसे किया गया, इसको लेकर थ्रेट मेल में कोई जिक्र नहीं था।

फोर्टिस अस्पताल या पंजाब सरकार ने भी ऐसी किसी बात की कोई पुष्टि नहीं की है। मगर, सीएम से जुड़ा मामला देखते हुए फोर्टिस अस्पताल में 5 बम निरोधक दस्ते बुलाकर जांच की गई।

मोहाली के SP सिटी दिलप्रीत सिंह ने कहा कि सुबह साढ़े 7 बजे स्कूलों को मेल आई थी, जिसमें स्कूल और अस्पताल उड़ाने की धमकी दी गई थी। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

बता दें कि सीएम पहले रविवार को ब्लड प्रेशर बढ़ने पर मोहाली अस्पताल में भर्ती हुए थे। फिर सोमवार को डिस्चार्ज होकर मोगा में आप सरकार की नशा विरोधी रैली में हिस्सा लेने गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वहां सांस लेने में तकलीफ होने पर सोमवार शाम करीब 5 बजे उन्हें यहां फिर भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने अभी उनकी सेहत को लेकर बुलेटिन जारी नहीं किया है।



### धमकी भरे ई-मेल में क्या लिखा था

हंटर फार्ले के नाम से जीमेल के जरिए भेजे ई-मेल में पंजाब को खालिस्तान बताते हुए कहा गया है अपने बच्चे बचा लो और मोहाली के स्कूल बंद रखो। मेल में लिखा गया है कि यह खालिस्तान रेफरेंडम वालों को गैंगस्टर बताकर उनका एनकाउंटर लेने का बदला है। मेल के अंत में खालिस्तान नेशनल आर्मी का नाम लिखा है। इसके साथ इंजीनियर गुरनाख सिंह, रुकन शाहवाला, डॉ. गुरनिरवीर सिंह और खान राजादा का जिक्र है। हालांकि इससे पहले भी अमृतसर, जालंधर, पटियाला, मोहाली और चंडीगढ़ के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है, लेकिन हर बार यह खोखली निकली और कोई धमाका नहीं हुआ। इस बार सीएम भगवंत मान को लेकर धमकी की वजह से पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

## अजित पवार प्लेन क्रैश की जांच में AAIB जुटी

### DGCA बोला-डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का डेटा मिला; भतीजे रोहित ने साजिश की आशंका जताई

**नई दिल्ली/मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के प्लेन क्रैश की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (AAIB) को सौंपी गई है। मंगलवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय (DGCA) ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा- 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती में Learjet-45 (VT-SSK) विमान क्रैश की जांच AAIB कर रहा है। जो दुर्घटना और घटना जांच नियम, 2017 और ICAO Annex-13 के इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के तहत की जा रही है। DGCA ने बताया प्लेन में दो फ्लाइट रिकॉर्डर लगे थे, जो हादसे के दौरान लंबे समय तक आग और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में रहे।

## बढ़ती मुस्लिम आबादी पर सीएम सरमा चिंतित, कहा- संघर्ष के दौरान कुछ लोग बांग्लादेश का कर सकते हैं समर्थन

**गुवाहाटी,एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को राज्य में मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम की वर्तमान स्थिति 'बहुत अच्छी नहीं' है और इसके पीछे बड़े पैमाने पर हुई अवैध घुसपैठ जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि असम में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा बांग्लादेश से अवैध रूप से आया है। उनके अनुसार, यह घुसपैठ मुख्य रूप से उस समय हुई जब राज्य और केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने कहा कि उन सरकारों ने सीमाओं की सही तरीके से निगरानी नहीं की, जिससे राज्य की जनसांख्यिकीय संतुलन प्रभावित हुई है। सीएम सरमा ने यह भी दावा किया कि राज्य के कुछ लोग भविष्य में किसी भी संघर्ष की स्थिति में बांग्लादेश का समर्थन कर सकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ असम और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।

### मोदी बोले- भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा

# फ्रांस को स्पेशल पार्टनर बताया; मैक्रों बोले- भारत पर भरोसा इसलिए टेक्नोलॉजी शेयर करते हैं

**मुंबई,एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार को भारत पहुंचे हैं। इस दौरान मुंबई में उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मिलकर H-125 हेलिकॉप्टरों की असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा।

मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है।



'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे।

**राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों:**राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में त20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## 'हम एआई के दौर में हैं', वांगचुक से जुड़े मामले में वीडियो ट्रांसक्रिप्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र द्वारा वीडियो के अनुवाद पर सवाल उठाते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में अनुवाद सटीक होने चाहिए। वांगचुक के वकील कपिल सिब्बल द्वारा अनुवाद पर आपत्ति जताए जाने के बाद जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वरेल की पीठ ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा कि वह सरकार से वांगचुक के बयान के असल अनुवाद चाहते हैं।



**पीठ ने क्या कहा?** सिब्बल ने दलील में कहा कि अनुवाद में उन शब्दों को भी शामिल किया गया है, जो वांगचुक ने कहे ही नहीं। पीठ ने कहा कि श्रीमान सालिसिटर, हम भाषण का वास्तविक ट्रांसक्रिप्ट चाहते हैं। वह जिस पर भरोसा कर रहे हैं और आप जो कह रहे हैं, दोनों अलग हैं। हम तय करेंगे। वांगचुक जो कह रहे हैं उसका असल अनुवाद होना चाहिए। आपके अपने कारण हो सकते हैं।

पीठ ने कहा कि वांगचुक का भाषण केवल तीन मिनट का है, जबकि आप जो अनुवाद ले आए हैं, वह सात से आठ मिनट का है। जो उन्होंने कहा है, उसका सटीक अनुवाद यहां होना चाहिए। हम एआई के दौर में हैं। अनुवाद में तकरीबन 98 प्रतिशत तक की शुद्धता होनी चाहिए।

**सिब्बल ने उठाए अनुवाद पर सवाल:**सिब्बल ने अनुवाद पर सवाल उठाते हुए कहा, 'वांगचुक ने अपनी हड़ताल जारी रखी और नेपाल का संदर्भ देकर युवाओं को उकसाना भी जारी रखा। यह पंक्ति आखिर आ कहां से रही है? यह एक बेहद अनोखा निरोध आदेश है – आप ऐसी बात पर भरोसा कर रहे हैं जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं है, और फिर कहते हैं कि यह 'व्यक्तिगत संतुष्टि' के आधार पर है।''

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 22 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण




**सुकमा,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिला में मंगलवार को 22 सक्रिय माओवादियों ने शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति के तहत आत्म समर्पण किया है। यह जानकारी एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने दी। सभी माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुकमा में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला माओवादी भी शामिल है, जो लंबे समय से संगठन से जुड़ी हुई थी।

एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि नक्सल मुक्त अभियान बस्तर के तहत जिले में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। इससे माओवादी संगठन समाप्ति की ओर है। विकासात्मक कार्य सुदूर वनांचल क्षेत्र में पहुंचाया जा रहा है साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की ''छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति'' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुकमा पुलिस द्वारा ''पूना मारगेम'' पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी संगठन कमजोर पड़ता जा रहा है। एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन रोहित शाह ने बताया कि सुकमा जिले में सक्रिय 22 माओवादियों ने आज आत्म समर्पण किया। आत्मसमर्पण सभी माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रूपये की राशि सहायता राशि प्रदान की गई एवं शासन की अन्य योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में मिलिशिया कमांडर गोंचे हुंगा, मिलिशिया सदस्य बण्डी, माड़वी हांदा, हिडमा मड़कम नन्दा, मिलिशिया सदस्य, मड़कम रामा, मड़कम सोमड़ा मिडियाम आयता, मड़कम चैतु, माड़वी हुंगा, लक्ष्मी मुचाकी, गोंचे उर्फ मड़कम हुंगा , माड़वी दूला , कुंजाम केसा, वेको विज्जा, वेको हड़मा, मुचाकी सुक्का, माड़वी जोगा, मड़कम पाण्डू, नुप्पो देवा, भोगाम दसरू उर्फ सोना, सलवम लखमा, जगत उर्फ मुचाकी भीमा शामिल है।



# स्वदेशी तकनीक से फिर चालू किया न्यूक्लियर पावर प्लांट

## ऐसा करने वाला भारत बना एशिया का पहला देश

**मुंबई,एजेंसी।** भारत ने अपने परमाणु ऊर्जा उत्पादन कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित देश का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र (टीएपीएस) की यूनिट-1 जीर्णोद्धार के बाद पुनः 160 मेगावाट का बिजली उत्पादन करने लगा है।

इस प्रकार भारत किसी परमाणु ऊर्जा संयंत्र को पूर्णतया स्वदेशी तकनीक से जीवनकाल विस्तार देने वाला एशिया का पहला देश बन गया है। कुछ ही महीनों में 160 मेगावाट क्षमता वाले टीएपीएस-2 का जीर्णोद्धार पूरा हो जाएगा।

1969 में चालू किए गए टीएपीएस-1 और टीएपीएस-2, पूर्व में सोवियत संघ के बाहर एशिया के पहले परमाणु ऊर्जा रिएक्टर थे। नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम की श्रृंखला में इन दोनों परमाणु रिएक्टरों की कहानी केवल दीर्घायु की कहानी नहीं है, बल्कि निरंतर सीखने, अनुकूलन और नवीनीकरण की भी कहानी है।

**15 से 20 वर्षों तक फिर से सेवाएं देंगे टीएपीएस-1 और टीएपीएस-2 :**सामान्यतया परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की आयु 40 से 50 वर्ष मानी जाती है। इसके बाद ज्यादातर देश अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को डी-कमीशन कर देते हैं। जबकि 1969 में शुरू हुए टीएपीएस-1 एवं टीएपीएस-2 अपने पहले कार्यकाल में 57 वर्ष सेवाएं देने के बाद भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत, गुणवत्ता एवं कार्यकुशलता तथा पूर्णतया भारतीय तकनीक के बल एक बार फिर जवान होकर अगले 15-20 वर्षों तक सेवा देने के लिए तैयार हो गए हैं।

**पूरा हुआ जीर्णोद्धार :**160 मेगावाट क्षमता वाले टीएपीएस-1 को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ जा चुका है, और इतनी ही क्षमता वाले टीएपीएस-2 को कुछ ही महीनों में राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ दिया जाएगा।

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के अधिकारियों के अनुसार, पांच दशकों से अधिक समय तक सुरक्षित संचालन के बाद इन दोनों इकाइयों को नवीनीकरण, आधुनिकीकरण और वृद्धावस्था प्रबंधन गतिविधियों के लिए 2020 में बंद कर दिया गया था। छह वर्षों में कड़े नियामक निरीक्षण के तहत इन दोनों संयंत्रों का जीर्णोद्धार पूरा कर लिया गया है।

### क्या हैं प्रमुख गतिविधियां?

प्रमुख गतिविधियों में रिएक्टर के पुनर्संचरण पाइपिंग को उन्नत संक्षारण-प्रतिरोधी सामग्री से बदलना, 3डी लेजर स्कैनिंग, टरबाइन-जनरेटर प्रणाली का नवीनीकरण और विद्युत प्रणालियों में सुधार शामिल थे। इस प्रकार के रिएक्टर में इतनी जटिल गतिविधियों का सफल समापन, एनपीसीआईएल की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और मजबूत नवीनीकरण और आधुनिकीकरण क्षमता को दर्शाता है। **जमकर किया बिजली का उत्पादन :**अपने पूरे कार्यकाल के दौरान, टीएपीएस-1 और टीएपीएस-2 ने 1,00,000 मिलियन यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन किया है, जिससे पर्यावरण में 86 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन को रोका जा सका है। इन उच्च स्तरीय, जटिल और विशिष्ट गतिविधियों की सफल समाप्ति ने एक बार फिर एनपासीआईएल की विशेषज्ञता, परिपक्वता और क्षमता पर मुहर लगा दी है। टीएपीएस-1 और 2 पहली पीढ़ी के बीडब्ल्यूआर (उबलते पानी से चलनेवाले रिएक्टर) हैं। इनमें लो एनरिच्ड यूरेनियम को कूलेंट एवं मॉडरेटर के रूप में उपयोग किया जाता है। दोनों इकाइयों ने 31 अक्टूबर 1968 को प्रारंभिक पूर्णता प्राप्त कर ली और 1969 की शुरुआत में ही इन्हें ग्रिड के साथ सिंक्रनाइज़ कर दिया गया था। टीएपीएस-1 ने 28 अक्टूबर 1969 को व्यावसायिक परिचालन शुरू किया, जिसके तुरंत बाद यूनिट-2 भी शुरू हो गई।

## बच्चा चोरी के आरोप में पकड़ा गया व्यक्ति की लोगों ने की पिटाई

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव में मंगलवार की रात बच्चा चोरी के शक में एक व्यक्ति को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। भीड़ ने उसकी पिटाई की और बाद में पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया की मंगलवार रात यह व्यक्ति अकेले घूम रहा था, जिस पर बच्चे के परिजनों और मोहल्ले के लोगों को शक हुआ। उन्होंने तुरंत युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले इसी व्यक्ति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में युवक को एक खंभे से बांधकर कुछ युवक उससे पूछताछ करते दिख रहे थे। वीडियो पर %सिसवन में पकड़ा गया बच्चा चोर% लिखा हुआ था। इसी शक के आधार पर लोगों ने इस व्यक्ति की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही महम्मदपुर पुलिस चौकी इंचार्ज रामजी यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाने ले गए। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मांझी के थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## सैदपुर के युवक की आत्महत्या मामले में गांव के कुल 10 लोगों पर एफआईआर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव के राजा कुमार साह की आत्महत्या के मामले में गांव के कुल 10 लोगों के ऊपर मृतक के पिता ने पहलेजा थाने में प्राथमिक दर्ज करायी है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने बताई की सैदपुर गांव के राजा कुमार साह ने आत्महत्या कर लिया था. इस मामले में उसके पिता भरत साह के बयान पर पहलेजा थाना में दस नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 8 फरवरी को गांव के कुछ लोगों ने राजा कुमार को घर से बुलाय और उसके साथ मारपीट की गई और गांव की एक 18 वर्षीय लड़की के अपहरण का आरोप राजा पर लगाया गया। जहाँ मृतक के पिता भरत साह का आरोप है कि मारपीट के दौरान 1200 रुपये की मांग लोगो द्वारा की गई थी। गांव के कुछ लोगों के द्वारा राजा के ऊपर प्रताड़ित करने के कारण वह आत्महत्या कर लिया था. जबकि राजा लड़की के भागने के कांड से इनकार करते रहा जहां आक्रोशित होकर वह आत्महत्या कर लिया था। थाना अध्यक्ष अनुराधा कुमारी ने यह भी बताई की पुलिस दर्ज शिकायत के आधार पर सभी बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों को दबोचने के लिए छापामारी शुरू कर दी है।

## गुम हुई मोबाइल को हरिहरनाथ पुलिस ने खोज कर वास्तविक धारक को किया सुपुर्द

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए डेढ़ माह पूर्व गुम हुए मोबाइल फोन को खोज निकालकर उसके वास्तविक धारक को सुपुर्द किया। उक्त बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि नगर परिषद सोनपुर के आनंदपुर निवासी स्व पंछी राय के पुत्र उमाकांत राय का मोबाइल फोन करीब डेढ़ माह पहले कहीं गुम हो गया था। मोबाइल गुम होने की आवेदन मिलने के बाद हरिहरनाथ पुलिस ने तकनीकी जांच और सतत खोजबीन के माध्यम से मोबाइल का पता लगाया। सफलतापूर्वक बरामदगी के बाद पुलिस ने मोबाइल फोन उमाकांत राय को मंगलवार को सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर उमाकांत राय ने हरिहरनाथ पुलिस के प्रति आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी हरिहरनाथ पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत होता है।

## मोबाइल चोरी का खुलासा, असली मालिक को सौंपा मोबाइल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव थाना क्षेत्र में दिसंबर 2025 में हुई मोबाइल चोरी की घटना का सफल उद्भेदन करते हुए नायगांव पुलिस ने चोरी हुई मोबाइल बरामद कर लिया। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार को पुलिस ने मोबाइल का सत्यापन कर वास्तविक मालिक रौनक कुमार को मोबाइल सौंप दिया। नयागांव थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित के शिकायत दर्ज होने के बाद तकनीकी साक्ष्यों और गहन छानबीन के आधार पर मोबाइल की ट्रैकिंग की गई। बरामदगी के उपरांत आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मोबाइल उसके असली मालिक को सौंपा गया।मोबाइल मिलने पर रौनक कुमार ने नायगांव पुलिस की सराहना करते हुए आभार जताया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई को सराहा और कहा कि इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

## बनियापुर में अखंड शिवनाम यज्ञ 23 को होगा प्रारंभ, 24 को शिव विवाह व भंडारा

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के बेरूई स्थित शिव मंदिर परिसर में 19वां अखंड शिवनाम यज्ञ का आयोजन 23 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के सदस्य राजिंद्र सिंह भाई ने बताया कि 23 फरवरी, सोमवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष में प्रातः 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश स्थापना के साथ ही अखंड शिवनाम जप का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी, मंगलवार को यज्ञ की पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। वहीं रात्रि में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शिव विवाह कार्यक्रम संपन्न होगा, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। यज्ञ को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। साफ-सफाई, सजावट एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ में भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजन संपन्न कराया ।

## सात निश्चय योजना के तहत एकमा में सुधा मिल्क पार्लर का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को सुधा मिल्क पार्लर का उद्घाटन सीओ अमलेश कुमार, नपं की मुख्य पार्षद श्वेता रानी व सुधा के मार्केटिंग इंचार्ज संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व पंडित बसंत पाण्डेय ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर उपस्थित लोगों को चंदन टीका लगाते हुए मंगलकामना की। इस अवसर पर मार्केटिंग इंचार्ज ने बताया कि यह पार्लर बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना (पार्ट-2) के अंतर्गत खोला गया है, जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा सुधा दूध एवं अन्य उत्पादों को आमजन तक सुलभ कराना है। वहीं सीओ अमलेश कुमार ने कहा कि जिला से प्राप्त निर्देश के आलोक में भूमि चयन के बाद पार्लर का निर्माण कराया गया और अब इसके संचालन से आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सीओ अमलेश कुमार, मुख्य पार्षद श्वेता रानी, पार्षद शैलेंद्र कुमार, अवधेश यादव, डॉ कौशलेंद्र कुणाल, सुधा के सारण व बलिया मार्केटिंग एग्युजिटिव प्रभारी सोनू कुमार, सुपरवाइजर आशुतोष कुमार, विक्रांत कुमार, संचालक पवन गुप्ता, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, एचएम दीपक राज, कमल कुमार सिंह, जयराम तिवारी, भोला प्रसाद, परवेज अख्तर, सुनील कुमार, मुन्ना मांझी, ऋषु कुमार गुप्ता, बलवंत जी, वीरेश सिंह, वीरेंद्र दुबे, कमल महाराज, प्रमोद गुप्ता, जीवन महाराज, संजीत ओझा, मुन्ना गुप्ता, जवाहर यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की ठोकर से छात्रा की मौत

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसहनी गांव में सोमवार को एक सड़क हादसे में 15 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान सिसहनी निवासी अब्दुल रजाक की पुत्री शहनाज के रूप में की गई है। वह गांव के ही सिसहनी हाई स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा थी।



**स्कूल में खाना देने जाते समय हादसा**

परिजनों के अनुसार, शहनाज सोमवार को स्कूल में खाना देने जा रही थी। इसी दौरान गांव के भोला सिंह के घर के समीप एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि शहनाज के पिता पंजाब में फौजी कैंप में जवानों के लिए वर्दी सिलाई का कार्य करते हैं और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। बेटी की असामयिक मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

**शव को आरोपी के दरवाजे पर रख हंगामा**

हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव को आरोपी के दरवाजे पर रखकर काफी देर तक हंगामा किया। उन्होंने दोषी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

**पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया :**

घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया।


इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा ट्रैक्टर चालक की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन का हुआ तबादला

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 13 मई 2023 को सोनपुर थानाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने वाले 2009 बैच के तेजतर्रार पुलिस पदाधिकारी राजनंदन ने सोमवार को अपना प्रभार सौंप दिया। उनका तबादला पटना एसटीएफ में किया गया है। उनके विदाई समारोह में सभी के चेहरे पर थोड़ी देर के लिए मायूसी छा गयी । राजनंदन इससे पहले भी वो एसटीएफ में अपनी सेवा दे चुके हैं। उन्होंने सोनपुर थाना में 2 साल 9 महीने के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई आपराधिक कांडों चाहे बैंक लूट कांड हो, अपहरण कांड हो, हत्याकांड हो या बाइक लूट कांड हो, ऐसे दर्जनों कांडों का निश्चित समय में सफल उद्भेदन किया एवं अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल के सलाखो में भेजे। सोनपुर में पहली बार इतनी भव्यता के साथ उनकी भवविनी विदाई थाने से दी गई। इसका मुख्य कारण है कि राजनंदन हमेशा आम नागरिकों के बीच अपनी मुस्कान के साथ और काफी मिलनसार रूप से नजर आते रहे है एवं अपराधियों के प्रति सख्त दिखे. विदाई समारोह की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष नीलिमा कुमारी ने मंगलवार को बतायी कि निवर्तमान थानाध्यक्ष राजनंदन के सोमवार के देर शाम उनका थाना से अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर थाने से बोलोरो को सजाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। राजनंदन ने बिहार सरकार के शराबबंदी कानून को भी अपने थाना क्षेत्र में सख्ती से लागू करवाने में अहम भूमिका निभाई। शराब माफियाओं के खिलाफ उन्होंने कड़ी कार्रवाई की एवं लाखों लीटर देशी, विदेशी शराब को जब्त कर विनिष्टीकरण किया और कारोबारियों के गिरफ्तार कर उनके द्वारा प्रयुक्त सैकड़ों गाड़ियों को भी जब्त किया। अवैध बालू खनन के खिलाफ भी उन्होंने सख्ती दिखाई और लगातार कार्रवाई की। वे हमेशा आम नागरिकों के बीच अपनी मुस्कान के साथ और काफी मिलनसार रूप से नजर आते रहे। सोनपुर थाना की कमान अब किसे सौंपी जाएगी इसे लेकर लोगों के बीच उत्सुकता बनी हुई हैं। वर्तमान में अपर थानाध्यक्ष उनके दायित्वों को संभाल रहे है।

## दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका डॉ. सरला माहेश्वरी

दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका, डॉ. सरला माहेश्वरी (साभार गूगल)



**विवेकानंद सिंह दैनिक खोज ख़बर/ छपरा (सबिहार)/** बलिया (उ.प्र.)। दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका एवं टीवी पत्रकारिता की अग्रणी महिला पत्रकार, 71 वर्षीय, डॉ. सरला माहेश्वरी ( विवाह से पूर्व जरीवाला), जो 1980 और 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत की लोकप्रिय शख्सियतों में से एक थीं, का गत् 12 फ़रवरी को दिल्ली में निधन हो गया। उनके पारिवारिक मित्र तथा सहकर्मी, पूर्व समाचार वाचक शम्मी नारंग ने मीडिया को इस दुःखद ख़बर की जानकारी देते हुए कहा कि दूरदर्शन में मेरी पूर्व सह-समाचार एंकर, शिष्टता और विनम्रता की साक्षात् मूर्ति, सरला माहेश्वरी के दुःखद निधन की घोषणा करते हुए मुझे अत्यंत पीड़ा हो रही है। 1980 के दशक में जबकि बहुत ही कम घरों में ब्लैक एंड व्हाइट टीवी सेट हुआ करता था, ऐसे में युवा हो रहे बहुत से युवक-युवती, डॉ. सरला माहेश्वरी की सहज शालीन और संयमित व्यवहार से बेहद प्रभावित थे, जिनमें से बहुतों ने उनसे अपनी बात रखने की तमीज़ के साथ ही बातों में भाषाई शुद्धता पर विशेष ध्यान रखना सीखा, कईयों ने बतियाने का शऊर सीखा और कईयों ने उनसे सीखा कि कैसे गंभीर या सामान्य परिस्थितियों में स्वयं को स्थिर रखा जाए, मूल रूप से गुजराती होने के बावजूद सरला माहेश्वरी की हिंदी बहुत अच्छी थी। बीते दिनों में दूरदर्शन देखनेवालों को आज भी याद होगा कि उन दिनों सरलाजी का चेहरा ही वह चेहरा था जो हर शाम दूरदर्शन से प्रसारित समाचारों की शुरुआत करता था। शाम के आठ बजे दूरदर्शन की जानी-पहचानी धुन के रुकते ही सरला माहेश्वरी टीवी स्क्रीन पर नजर आतीं, जो दिनभर की घटनाओं पर आधारित समाचार को शांत, सुस्पष्ट और सहज स्वर में प्रस्तुत करती थीं, उन दिनों की समाचार वाचिकाओं में सलमा सुल्तान, मंजरी जोशी, सरला माहेश्वरी और शोभना जगदीश जैसी न्यूज़ रीडर्स का एक अलग ही रुतबा था। लेकिन दुःख की बात है कि इनमें से एक सरलाजी, जो सादगी और सुंदरता से भरपूर एक बेमिसाल व्यक्तित्व की स्वामिनी थीं, अब हमारे बीच नहीं रहीं। अपनी सादगी, संयम और बेहद स्पष्ट उच्चारण के लिए प्रसिद्ध सरला जरीवाला का जन्म 11 अप्रैल, 1954 को हुआ था, उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी से स्नातक करने के बाद एमए की डिग्री हासिल की और फिर उसी विश्वविद्यालय से पीएचडी किया। डॉक्टरेट करने के दौरान 1976 में दूरदर्शन में उद्घोषक के रूप में उनका चयन हो गया, जबकि न्यूज़ रीडिंग का काम उन्होंने 1982 में प्रारंभ किया।इसके साथ ही उन्होंने कुछ वर्षों तक हंसराज कॉलेज में हिंदी व्याख्याता के रूप में अपनी सेवाएं दीं। 1984 में उनका विवाह जठरांत्र विशेषज्ञ, डाक्टर पवन माहेश्वरी से हुआ और फिर दोनों इंग्लैंड चले गए, जहाँ आपने कुछ दिनों तक बीबीसी के लिए प्रसारण कार्य किया, लेकिन 1988 में आप भारत लौट आईं और फिर से दूरदर्शन ज्वॉइन कर लिया। अपने 29 वर्षीय करियर के दौरान सरलाजी ने टीवी समाचारों के विकास को देखा, जिसमें ब्लैक एंड व्हाइट प्रसारण से लेकर रंगीन प्रोग्रामिंग और उभरते मीडिया प्रारूपों तक की यात्रा शामिल है। 1982 में नई दिल्ली में आयोजित नौवें एशियाई खेलों के दौरान रंगीन प्रसारणों का एंकरिंग करनेवाली वह पहली एंकर थीं। 2005 में दूरदर्शन से सेवानिवृत्त होने के बाद , माहेश्वरी अपने पूर्व सहकर्मियों और दर्शकों के बीच एक सम्मानित हस्ती बनी रहीं। उनके निधनोपरांत दूरदर्शन के महानिदेशक के. सतीश नंबूदिरिपाद ने लिखा कि सरलाजी सिर्फ एक कुशल समाचार प्रस्तुतकर्ता ही नहीं थीं; वे लाखों भारतीय घरों में एक भरोसेमंद आवाज थीं।

## दारूल उलूम नईमिया में आजमीन हज के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**प्रदान किया गया गाइड बुक और प्रशिक्षण किट हज सभी गुनाहों से कर देता है पाक, जीवन में आता है महत्वपूर्ण बदलाव**



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला के प्रमुख शिक्षण संस्थान दारूल उलूम नईमिया में मंगलवार को एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आंयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य मौलाना हामिद रजा ने की। शिविर का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से हुआ बिहार राज्य हज कमिटि के निर्देशानुसार आयोजित कैम्प में आजमीन हज को संबोधित करते हुए मुख्य प्रशिक्षक मुफ्ती अली असगर ने कहा कि हज इसलाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हर सक्षम व्यक्ति पर हज करना फर्ज है। अपनी पूरी जिन्दगी में कम से कम एक बार हज जरूर करना चाहिए। हज करने के बाद हाजियों की जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ जाता है। वह गुनाहों से पाक हो जाता है। वह ऐसा हो जाता है जैसे कि अभी-अभी जन्म लिया हो। उन्होंने हज के अरकान पर विस्तृत चर्चा की। सफर के दौरान होने वाली परेशानियों को बताते हुए कहा कि आप अपने साथ कम से कम समान रखें। उन्होने कहा कि हज अल्लाह की रजामंदी के लिए करना चाहिए। इस के अलावा उन्होने हज के दौरान मक्का और मदीना शरीफ के विभिन्न जगहों पर गुजारने वाले वक्त पर प्रकाश डाला। अल्हाज फहीम अशरफ खान ने संबोधित करते हुए कहा कि आजीमन हज को ध्यान रखना चाहिए कि उनसे किसी भी तरह से कोई गुनाह न होने पाए। यात्रियों को अपना पहचान पत्र हमेशा अपने साथ रखना चाहिए। ताकि यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो। प्रशिक्षण शिविर में इस बार महिला आजमीन हज भी शामिल थीं। उनके लिए पृथक व्यवस्था की गयी थी। मौलाना मुफ्ती मुर्शिद रजा की दुआ पर शिविर का समापन हुआ। अब्दुल कादिर, शमा परवीन, सबीहन बीबी, जान मोहम्मद, रजिया सुल्ताना, समीउद्दीन खान, हसनइमाम खान, निकहत परवीन, मो साबिर अली, मो कलामुद्दीन सहित कुल 39 महिला व पुरुष आजमीन हज ने शिरकत की। प्रशिक्षण के बाद बचे हुए आजमीन को सदर अस्पताल के प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा टीका लगाया गया और प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। शाहाब अहमद राईन, अली अहमद, मो शोएब, राहतुन नईम, अबुल हसन, हाफिज आरिफ, मोअज्जिन वसीम रजा आदि ने हज यात्रियों की बढ़ चढ़ कर सेवा की।

## सोनपुर पुरानी गंडक पुल घाट पर हुआ भव्य त्रिवेणी आरती



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि सोनपुर पुरानी गंडक पुल घाट पर फाल्गुन अमावस्या के पावन अवसर पर संध्या होते ही घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था व आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। त्रिवेणी महाआरती का दिव्य आयोजन माँ तारा सेवा निधि कौनहारा हरिपुर वैशाली के सौजन्य से मंगलवार को महाआरती का शुभारम्भ महाकाल बाबा के वैदिक मंत्रोच्चार नारायणी,गंगा एवं सोनभद्र पूजन एवं अर्चकों के शंख ध्वनि के साथ वैदिक मंत्रोच्चार, शंख-ध्वनि और दीपों की मनोहारी रोशनी ने घाट को अलौकिक स्वरूप प्रदान कर दिया। दीपों की कतारें जलधारा पर तैरती रहीं, जिससे दृश्य अत्यंत मनमोहक बन गया। भक्तों ने हाथों में दीप लिए आरती में भाग लिया और परिवार सहित पुण्य लाभ अर्जित किया। इस त्रिवेणी आरती के साक्षी बने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगण। इस अलौकिक गंगा आरती का दर्शन कर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। त्रिवेणी महाआरती का समापन महाकाल बाबा के आशीर्वचनों एवं जनमानस को इस कालजयी शुभ कार्य के शुभारम्भ में अपनी भूमिका निभाने की अपील करते हुए धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो जैसी ओजस्वी नारों के साथ महाआरती संपन्न हुआ। इस आरती में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया समाजसेवी लालबाबू पटेल, आचार्य अनिल, अर्जुन, अविनाश, आदित्य, मुकेश, कुंदन, राजा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सोनपुर में मैट्रिक परीक्षा के प्रथम दिन 78 परीक्षार्थी रहें अनुपस्थित

**शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हुई परीक्षा, आज होगी गणित विषय की परीक्षा**



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के दिशा निर्देश के अनुसार मैट्रिक परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली व दूसरी पाली में हिंदी बिषय की परीक्षा हुई। सोनपुर में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी चेकिंग तथा सख्ती के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से मंगलवार को संपन्न हुई। सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा ने परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण किया तथा उक्त परीक्षा के कदाचारमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण तथा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने हेतु उपस्थित केंद्राधीक्षकों एवम् संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये। परीक्षा भवन में पहुंचने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों के पहने कपड़ो को महिला कर्मियों के द्वारा गहन जांच पड़ताल करने के बाद ही परीक्षा कक्षा में जाने की इजाजत दी गई.एसडीओ ने बताया कि सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों में कुल प्रथम पाली में 3589 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था जिसमें 3554 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली में 3428 में से 3366 परीक्षार्थी उपस्थित हुई जबकि 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। दोनों पालियो में 7017 परीक्षार्थी को उपस्थित होना था जिसमें 6920 परीक्षार्थी उपस्थित रहे कुल 78 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में हैरिटेज पब्लिक स्कूल सोनपुर - 502/501, शिशु संघ-442/ 439, कन्या हाई स्कूल पहाड़ीचक- 350/347, एसपीएस सेमिनरी स्कूल- 411/404, शिव दुलारी हाई स्कूल- 381/378, रामसुंदर दास महिला कॉलेज- 529/524 वहीं नयागांव गूगल सिंह हाई स्कूल 974/961 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है जबकि द्वितीय पाली में हौरिटेज पब्लिक स्कूल सोनपुर- 597/ 591, शिशु संघ-311/ 308, कन्या हाई स्कूल पहाड़ीचक- 384/ 381, एसपीएस सेमिनरी स्कूल- 442/421,शिव दुलारी हाई स्कूल -462 /451, रामसुंदर दास महिला कॉलेज- 457452/ नयागांव गूगल सिंह हाई स्कूल 775/ 761 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है। सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। प्रथम दिन हिंदी के परीक्षा होने के कारण परीक्षा भवन से निकले परीक्षार्थियों की परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को सभी प्रश्नों को उत्तर देने के कारण सभी परीक्षार्थियों क़े चेहरे पर खुशी की लहर देखी गयी.आज बुधवार के होगी गणित विषय की दोनों पालियो में परीक्षा।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** खनन विभाग के अधिकारी एवं सोनपुर पुलिस के गुप्त सूचना मिली कि घाट पर अवैध तरीके से बालू का जगह जगह खनन हो रहा है। खनन विभाग के अधिकारी व सोनपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से सोनपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर स्थित डोमवा घाट पर छापेमारी मंगलवार क़ो की । मौके पर एक अवैध बालु लदे ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष निलिमा कुमारी ने बताई कि परमानंदपुर स्थित डोमवा घाट पर छापेमारी के दौरान मौके से एक अवैध सफेद बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया गया। कार्रवाई के समय ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जप्त वाहन को थाना परिसर लाया गया है, अपर थाना अध्यक्ष ने बताई की इस छापामारी में कुल चार लोगों को चिन्हित करते हुए उन्हें नामजद प्राथमिक की दर्ज की गई है। सभी चिन्हित किए गए बालू कारोबारी एवं इस धंधे में संलिप्त लोगों को दबोचने के लिए छापामारी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध बालू खनन व परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## मांझी में डेयरी बूथ का शुभारम्भ




**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड मुख्यालय पर मंगलवार को सुधा डेयरी बूथ का शुभारम्भ हो गया। सीओ सौरभ अभिषेक ने फीता काटकर सुधा के बूथ का विधिवत उदघाटन किया। समारोह में पटना से आये सुधा प्रोडक्ट के मार्केटिंग प्रबंधक संजय कुमार तथा बूथ संचालक मंटू कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब सुबह छह बजे से रात दस बजे तक उपभोक्ताओं को आसानी से सुधा का उत्पाद उपलब्ध हो सकेगा। उदघाटन समारोह में मांझी नगर पंचायत की मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय, जिला पार्षद प्रतिनिधि ई कमलेश यादव, पैक्स अध्यक्ष गुड्डू सिंह, बीडीसी प्यारे अंगद, उप मुखिया राजेश चौधरी तथा हरि निवास गोस्वामी समेत दर्जनों गणमान्य मौके पर मौजूद रहे।


## भेल्दी पुलिस ने गुम हुए दो मोबाइल की कागजी प्रक्रिया पूरी कर किया सुपुर्द



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी (सारण)।** कई महीनों से गुम हुए दो मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर संबंधित लोगों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मदारपुर निवासी रंजीत कुमार एवं सरायबक्स निवासी रामाशंकर कुमार का मोबाइल कुछ माह पूर्व कहीं गुम हो गया था। इस संबंध में दोनों ने भेल्दी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए भेल्दी थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर लवली कुमारी ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मोबाइल की तलाश शुरू की। लगातार प्रयास के बाद दोनों मोबाइल फोन को बरामद कर लिया गया।इसके बाद संबंधित दोनों व्यक्तियों को थाना बुलाया गया, जहां आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात नियमानुसार उनका मोबाइल उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर दोनों लोगों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विधायक जनक सिंह ने सदन में सड़कों के चौड़ीकरण की मांग की

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** तरैया के विधायक सह बिहार विधानसभा याचिका समिति के सभापति जनक सिंह ने तरैया विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाली तीन प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की मांग विधानसभा में शून्य काल के दौरान की है। जिसमें साढ़ा कृषि बाजार छपरा से मशरक एस एच 90 मुख्य सड़क को 2 लेन सड़क से 4 लेन में चौड़ीकरण करने की मांग की है। साथ ही दिघवारा -भेल्दी - अमनौर - तरैया - सिमरी एस एच 104 तथा सिवान - बसंतपुर - मशरक - तरैया - मशरक - शीतलपुर एस एच 73 सड़कों के दोनों किनारे पांच-पांच फीट कंक्रीट देकर पक्कीकरण किए जाने की भी मांग की है। वहीं इस संबंध में स्वीकृति हेतु बिहार विधानसभा के सचिव के नाम दिए पत्र में विधायक ने कहा है कि इन सड़कों के चौड़ीकरण हो जाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा आम लोगों के जीवन यापन तथा व्यापार में सुविधा होगी।



## डॉ. बीरेश कुमार को मढ़ौरा रेफरल अस्पताल का मिला प्रभार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीरेश कुमार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का प्रभार सौंपा गया। मंगलवार को निवर्तमान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि रंजन नाथ तिवारी ने डॉक्टर बिरेश कुमार को अपना प्रभार सौंप दिया। इस आशय का पत्र 12 फरवरी 2026 को सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी छपरा सारण द्वारा निर्गत किया गया था, जिसमे निवर्तमान प्रभारी डॉक्टर रवि रंजन नाथ तिवारी के 28 फरवरी को हो रहे सेवा निवृत्ति अवकाश को लेकर समय प्रभार सौंपने को लेकर आदेश पत्र ज्ञापांक सांख्य, 823/12-02-2026निर्गत था। जिसके अलोक में मंगलवार 17 फरवरी 2026 को डाक्टर रवि रंजन नाथ तिवारी ने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.बीरेश कुमार को प्रभार सौंप दिया। मालूम हो कि पूर्व में भी डॉक्टर बीरेश कुमार मढ़ौरा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर रहें हैं।



## आपसी वर्चस्व को लेकर किन्नर समुदाय के दो गुटों में मारपीट सात घायल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में आपसी वर्चस्व को लेकर किन्नर समुदाय के दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कुल सात किन्नर घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। घायलों में पहले पक्ष एकमा में निवास करने वाले बिजली पटेल किन्नर, रीना किन्नर, तनु किन्नर व पूजा किन्नर शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष छपरा शहर के पलक किन्नर, छोटी किन्नर व अद्विका किन्नर घायल हुए हैं। बताया गया है कि छपरा शहर के एक गुट के किन्नर का एकमा क्षेत्र के किन्नरों से एकमा चट्टी के समीप बच्चे के जन्म पर बधाई गाने तथा उपहार लेने के एरिया बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। दोनों गुटों अपने-अपने गुट के मुखिया को अपना गुरु स्वीकार कर उनके सानिध्य में उनके निर्देशन में कार्य करने की मांग कर रहे थे। मामूली कहासुनी के बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर से मारपीट होने लगी। इस दौरान कुल सात किन्नर जख्मी हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. कौशलेंद्र कुणाल द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# जैव विविधता का संरक्षण भविष्य के लिए है एक साझा जिम्मेदारी - जिलाधिकारी



**परवेज अख्तर/सिवान।** अंतर्राष्ट्रीय विविधता दिवस के अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वाधान में गोपालगंज वन प्रमंडल द्वारा मंगलवार को जिला परिषद सभागार में उन्मुखीकरण कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बालेंदू नारायण पांडेय, जिला वन पदाधिकारी मेघा यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यशाला की अध्यक्षता बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के सचिव हेमकांत राय एवं जैव विविधता पर्षद के उप निदेशक मिहिर झा ने संयुक्त रूप से की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल प्रबंधन समिति के सदस्यों को जैव विविधता अधिनियम और प्रबंधन समिति के उत्तरदायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे ग्रह की जैव विविधता एक अनमोल खजाना है, जो हमें जीवन के लिए आवश्यक संसाधन और सेवाएं प्रदान करती है। जैव विविधता न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला के दौरान जैव विविधता के महत्व, जैव विविधता के लिए खतरें व इसके संरक्षण के प्रयास पर चर्चा की गई। कार्यशाला के अंत में डीएम ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि जैव विविधता के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। कहा कि छोटे कदम भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इसमें पौधारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक का कम उपयोग शामिल हैं।

## सारण में विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर बताकर बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल

**पानापुर (सारण)।** सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धेनुकी गांव में एक विक्षिप्त महिला को बच्चा चोर बताकर बेरहमी से पिटाई किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के मुड़वा गांव की बताई गई है। बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। घटना धेनुकी दलित टोला के समीप की बताई जा रही है, जहां कुछ युवकों ने उसे बच्चा चोर होने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की और बीच सड़क पर लाठी-डंडे से जमकर पिटाई कर दी। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि महिला सड़क पर गिर पड़ी है और कुछ युवक उसे बेरहमी से मार रहे हैं, जिसके बाद वह बेपर्द हो गई। जबकि आसपास मौजूद लोग मूकदर्शक बने हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक मामला पानापुर थाना पहुंचा, लेकिन अब तक आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि हाल के दिनों में बच्चा चोरी की अफवाहों को लेकर कई स्थानों पर भीड़ द्वारा हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध परिस्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## पंचायती के दौरान दो पड़ोसी आपस में भिड़े

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर बाजार पर अंडा का दुकान लगाने के लिए मंगलवार की सुबह चल रही पंचायती के दौरान दो पड़ोसी आपस में भीड़ गए तथा इस दौरान दोनों पक्षों द्वारा लाठी डंडे व ईंट पत्थर से हुई मारपीट में कुल तीन लोग जख्मी हो गए। मारपीट में बुरी तरह जख्मी देव कुमार साह को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पंचायती के दौरान हुई मारपीट में एक पक्ष के देव कुमार साह तथा दूसरे पक्ष के भूपेन्द्र साह के अलावा बीच बचाव करने गए संजीव मांझी जख्मी हो गए। जख्मी तीनो लोगों का मांझी सीएचसी में प्राथमिक उपचार हुआ। दोनों पक्षों ने मांझी थाना में दो अलग अलग आवेदन देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## शेखपुरा में चोरी की बाइक के साथ दो अरेस्ट

**शेखपुरा,एजेंसी।** शेखपुरा। शेखोपुर सराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी शेखुपुर बाजार में विशेष वाहन चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस ने इनके पास से बिना नंबर की एक अपाची बाइक बरामद की है, जिसे जब्त कर लिया गया है। इस वाहन चेकिंग और छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी और एएसआई नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों की पहचान अम्बारी गांव निवासी नवल राम के पुत्र दीपक कुमार और उसी गांव के नथन सिंह के पुत्र रोहित कुमार उर्फ लखा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि पुलिस को पिछले साल अम्बारी गांव में हुई लाखों रुपये की मोबाइल, आईफोन और लैपटॉप चोरी के मामले में इन बदमाशों की तलाश थी। उस घटना में पहले ही आधा दर्जन से अधिक चोरों को नालंदा जिला मुख्यालय के बिहार शरीफ से गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन ये दोनों फरार चल रहे थे।



## ट्रक के तहखाने से 561.600 लीटर शराब बरामद

**सिवान।** होली के मद्देनजर विशेष अभियान के तहत सिवान पुलिस ने नौतन थानान्तर्गत वाहन चेकिंग के क्रम में एक ट्रक से 561.600 लीटर शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार देवरिया जिला के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के करजनीय निवासी दिनेश यादव व गोपालगंज जिला के भोरे थाना क्षेत्र के सवनहा निवासी योगेंद्र कुशवाहा है। ट्रक में बने तहखाने में शराब रखी गई थी । गिरफ्तार दोनों तस्करों से पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि आगामी होली पर्व के मद्देनजर मेरे निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा जिलान्तर्गत विभिन्न जगहों पर अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में सोमवार को नौतन क्षेत्र अंतर्गत मठीया मोड़ चार मुहानी के पास वाहन चेकिंग के क्रम में एक ट्रक में बने तहखाने से 561.600 लीटर विदेशी शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में नौतन थाना में बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत कांड दर्ज किया गया। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। बताया कि नशे के विरुद्ध जिला पुलिस के इस अभियान में सुधिजनों से सूचना और सहयोग की अपील की जाती है।

## तीस आरोपितों की विभिन्न मामलों में हुई गिरफ्तारी

**सिवान।** जिले में विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में विभिन्न मामलों में तीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी पूरन कुमार झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान तीस आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल तीस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 21, छेड़खानी के कांड में एक, वारंट में पांच व विविध कांड में तीन गिरफ्तारी की गई। वहीं 360.4 लीटर देसी शराब व 10839.36 लीटर विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 24 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 52 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं छह दो पहिया वाहन, दो चार पहिया वाहन, दो ट्रक, एक मोबाइल, एक फास्टैग, एक आधार कार्ड, एक ड्राइविग लाइसेंस, एक एक्साईड बैट्री व अन्य सामान को बरामद किया गया।

## दुस्साहस -गर्दन काटकर विक्की की हुई है हत्या, सनसनी

**सीमा विवाद में उलझी पुलिस**

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीआरपी व सराय थाना सीमा विवाद के कारण सोमवार की देर रात ट्रेन से कटे एक अज्ञात युवक का शव पूरी रात रेलवे ट्रैक पर ही पड़ा रहा। दोनों थानों के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर चली खींचतान के कारण शव को कब्जे में लेने में अनावश्यक देरी हुई। मामले की जानकारी जब एसपी पूरन कुमार झा को हुई तो उनके हस्तक्षेप के बाद शव को मंगलवार की सुबह पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी व आरपीएफ को हुई। सूचना मिलने के बाद दोनों की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल किस थाना क्षेत्र में आता है, इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। जीआरपी ने स्थानीय सराय थाना को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेने की बात कही, जबकि सराय थाना ने इसे जीआरपी का क्षेत्र बताते हुए जिम्मेदारी लेने से इन्कार कर दिया। सराय थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि डिवीजन को लेकर स्पष्टता नहीं होने के कारण शव को रात में कब्जे में नहीं लिया जा सका। वहीं जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने कहा कि रेलवे के स्पष्ट निर्देश के अनुसार यह मामला स्थानीय थाना क्षेत्र का था, लेकिन स्थानीय थाना ने इसे मानने से इनकार कर दिया। मंगलवार की सुबह जब स्थानीय मीडिया के माध्यम से घटना की जानकारी एसपी को मिली, तब उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए सराय थाना को कार्रवाई का निर्देश दिया।

***गर्दन कटकर विक्की की हुई है हत्या***

सराय थाना क्षेत्र के चांप ढाला के समीप ट्रेन से कटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआरी बिचला टोला निवासी ओसिहर यादव के पुत्र विक्की यादव के मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। मृत विक्की के भाई रिक्की ने बताया कि उसका भाई कृषि विभाग का वाहन चलाता था। उसका एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी के साथ वह सोमवार की शाम गाड़ी से हाईव की तरफ गया था। उन्हें देखकर डायल 112 की टीम ने पीछा किया और दोनों को पकड़ कर लड़की के स्वजनों को सौंप दिया। लड़की पक्ष के स्वजनों ने मेरे भाई की हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। सराय थानाध्यक्ष विकास कुमार बिट्टू ने बताया कि ने सोमवार की शाम एक वाहन हाईव पर थी। जिसमें काला शीश लगा हुआ था जिसे डायल 112 ने देखकर जांच के लिए रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा तभी पीछा करने पर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। डायल 112 ने जांच की तो उसमें एक लड़की थी। जिसे उसके स्वजनों को सौंप दिया गया और लड़की जिस युवक के बारे में जानकारी दी थी उसका शव मंगलवार की सुबह बरामद हुआ।

## जब्त शराब की बोतलों पर चला रोलर

**सिवान।** पुलिस लाइन परिसर में मंगलवार को जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक विपिन कुमार तथा मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात आरओ धनंजय कुमार, पुलिस लाइन डीएसपी, उत्पाद निरीक्षक सह सदर थानाध्यक्ष अंकेश कुमार व इंस्पेक्टर रूपेश कुमार की मौजूदगी में जिले के विभिन्न थानों के लगभग 108 कांडों में जब्त लगभग 11 हजार लीटर शराब की बोतलों पर रोड रोलर चलाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया। विनिष्ट किए गए शराब की बाजार में अनुमानित कीमत 66 लाख तीन हजार तीन सौ रुपए आंकी जा रही है। शराब विनिष्ट के लिए नगर थाना, मुफस्सिल थाना, महादेवा थाना, जीआरपी व अन्य थाने के थानाध्यक्ष शराब लेकर आए थे। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि आदेश के बाद थानों में जब्त 5717 लीटर देसी शराब व 4096 लीटर विदेसी शराब पर रोलर चलाया गया। इसकी कीमत लगभग 66 लाख तीस हजार तीन सौ रुपया की है।

## दवा दुकान पर छापेमारी के दौरान हंगामा

**मैरवा( सिवान)।** जिला स्तरीय टीम ने मंगलवार को मझौली चौक स्थित एक दवा दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दवा व्यवसायी और स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। वे छापामारी करने पहुंची टीम से पूर्व में की गई छापामारी और उसके बाद की गई कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी मांग रहे थे। यह कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर और कार्यपालक दंडाधिकारी के नेतृत्व में की गई। इस दौरान पुलिस भी मौजूद थी। पुलिस ने लोगों को समझ कर मामले को शांत कराया।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी चंवर के समीप मंगलवार की दोपहर पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान बड़हरिया निवासी मोहित कुमार व विनय साह के रूप में हुई है। घायल विनय ने बताया कि हम दोनों दोस्त एक बाइक पर सवार होकर डीएवी हाई स्कूल के पास गए हुए थे। वहां से लौटने के दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसे हम दोनों घायल हो गए।

## एसपी ने नवनिर्मित माडल असांव थाने का किया निरीक्षण

**आंदर (सिवान)।** एसपी पूरन कुमार झा ने सोमवार की शाम नवनिर्मित माडल असांव थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भवन निर्माण की गुणवत्ता पर एसपी ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही थाना पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। थाना का उद्घाटन कौन करेगा और किस तिथि को होगा अभी निर्धारित नहीं हो सकी है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एसपी के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहा कि नए थाना में शिफ्ट होने के बाद पुराने थाने पर एक चौकी बनाने की मांग की। वहीं एसपी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि पुराने थाने पर एक चौकी बनाया जाएगा जहां हमेशा कुछ सिपाही व गार्ड उपस्थित रहेंगे। वहीं ठेकेदार ने अभिमन्यु अनंत ने बताया कि दो से तीन दिन में थाना भवन को सौंप दिया जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष रंजीत कुमार साह, पीएसआइ सुमित कुमार, दिलीप चौहान, मुखिया सतीशचंद्र गुप्ता, पूर्व मुखिया काशी चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### भाई की जगह परीक्षा दे रही बहन पकड़ाई, निष्कासित - पहले दिन हिंदी-मातृभाषा विषय की ली गई परीक्षा

# जिले के 53 केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा शुरू, पहले दिन दोनों पालियों में 828 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



निर्धारित समय से देरी से पहुंचने पर कुछ परीक्षार्थी हो गए परीक्षा से वंचित

**परवेज अख्तर/सिवान।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा मंगलवार से जिले के 53 केंद्रों पर शुरू हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 26 हजार 028 और दूसरी पाली में 26 हजार 542 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दोनों पालियों में 828 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं बसंतपुर प्रखंड के समरदह स्थित परीक्षा केंद्र से भाई की जगह परीक्षा दे रही बहन को पकड़ा गया और उसे परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। जबकि दारौंदा के एक परीक्षा केंद्र के कक्षा के अंदर का वीडियो प्रसारित करने के मामले में प्राचार्य को गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर निर्धारित समय से देरी से पहुंचने पर कुछ परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। देर से पहुंचे परीक्षार्थियों ने रोते हुए कहा कि जाम के कारण पहुंचने में लेट हुआ, लेकिन किसी ने भी उनकी एक नहीं सुनी। शहर के डीएवी हाईस्कूल सह राजकीय इंटर कालेज, वीएम हाईस्कूल सह इंटर कालेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी दौड़ते-भागते पहुंचे। जिला शिक्षा विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पहले दिन हिंदी/मातृभाषा विषय की परीक्षा ली गई। पहली पाली की परीक्षा में आवंटित कुल 26 हजार 486 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। इसमें 26 हजार 28 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 458 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 26 हजार 912 में से 26 हजार 542 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 370 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा शुरू होने के पूर्व मुख्य प्रवेश गेट पर हीं महिला परीक्षार्थियों की महिला वीक्षक व कर्मी तथा छात्रों की पुरूष वीक्षकों द्वारा सघन तलाशी ली गई। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली। इधर ट्रैफिक की परेशानी से बचने के लिए परीक्षार्थी अपने अभिभावकों के साथ समय से काफी पहले ही केंद्रों पर पहुंच गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय, पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा, सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित महाराजगंज एसडीओ अनिता सिन्हा व एसडीपीओ अमन ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया।

## 56 कार्टन शराब और कार जब्त, चालक फरार

**बड़हरिया (सिवान)।** बड़हरिया थाना की पुलिस ने मंगलवार की दोपहर नवलपुर-भलुआ नहर के समीप भारी मात्रा में शराब लदे एक कार को जब्त किया। जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें 56 कार्टन शराब लदे थे। शराब को जब्त कर ली गई। वहीं पुलिस को देखते ही चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 5.36 लाख रुपये होगी। तस्कर शराब को होली को ले स्टाक करने के लिए शराब ला रहे थे। गाड़ी के नंबर से शराब तस्कर को पता लगाया जा रहा है।

## कुख्यात की धारदार हथियार से वार कर निर्मम हत्या

**बसंतपुर (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बिठुना में सोमवार की रात एक कुख्यात बदमाश की हत्या उसके घर से करीब तीन सौ मीटर दूर धारदार हथियार से प्रहार कर दी गई। मृतक की पहचान बिठुना निवासी दामोदर सिंह के पुत्र अरविंद सिंह (44) के रूप में हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जाता है। मृतक के गले व सिर के भाग में कई जगहों पर गहरे जख्म के निशान मिले। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना की जांच में जुट गए। इसके बाद पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मंगलवार की सुबह सूचना पर पहुंची एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच नमूने इकट्ठा किए। एक युवक की शादी के मामले से भी हत्या के तार को जोड़कर देखा जा रहा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अभी मामले में कोई आवेदन प्राप्त नहीं है। आवेदन मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। कुख्यात अरविंद पर कई मामले दर्ज हैं।

## नर्तकी का वीडियो प्रसारित मामले में प्राथमिकी

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मदारपुर स्थित एक आर्केस्ट्रा की नर्तकी ने मंगलवार को थाना में आवेदन देकर बसंतपुर थाना क्षेत्र के अमन कुमार के विरुद्ध वीडियो प्रसारित करने के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि अमन कुमार के साथ वह एक आर्केस्ट्रा में काम करती है। वाद विवाद होने पर अमन द्वारा दुर्भावना से ग्रसित होकर उसका वीडियो प्रसारित कर दिया गया जो उसके प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ है। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला से वह न्याय की गुहार लगाई है।

## बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में मना वार्षिक समारोह

**सिवान।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में 14 फरवरी वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा तथा विशिष्ट अतिथि डीडीसी मुकेश कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष गुप्ता, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक कुमार वीर धीरेंद्र तथा हरेंद्र कुमार उपस्थित थे। सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के चेयरमैन नित्या सिंह द्वारा किया गया। वार्षिक उत्सव की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम में लोकप्रिय बालीवुड गीतों पर छात्रों ने रंगारंग एवं मनोरंजक नृत्य प्रस्तुतियां दी। इसके साथ ही कई सार्थक प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की गईं। आपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए हमारे सैनिकों की वीरता और मातृभूमि के प्रति उनके प्रेम को दर्शाया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## भगवानपुर हाट- कार छीनने में असफल बदमाशों ने चालक को घायल कर कार को किया क्षतिग्रस्त

**परवेज अख्तर/सीवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के कौड़िया मठिया के पास 227 ए पर सोमवार की शाम बदमाशों ने एक कार को रोक कर छीनने का प्रयास किया। कार छीनने में असफल होने पर चालक को मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसके कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने चालक के गले से सोने की चेन तथा नकदी लूट लूट कर फरार हो गए। चालक सारण के मशरख थाना क्षेत्र के डुमरशन बंगरा निवासी मो. इंतियाज आलम ने मंगलवार को थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि साथ में बैठे साथी सरफराज अंसारी चाकू का भय दिखा गाड़ी से बाहर खींच मारपीट करने लगे। गाड़ी की चाबी छीनने का भी प्रयास किया तथा हथियार के बल गले से सोने की चेन व कुछ रुपये निकाल लिए तथा गाड़ी को ईंट-पत्थर से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हो हल्ला करने पर जब तक ग्रामीण एकत्रित होते सभी तब तक वे सभी फरार हो गए। घटना की सूचना 112 डायल कर पुलिस को दी गई।

## सिवान में राजन महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का कराएंगे अमृतपान



**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर के वीएम उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के प्रांगण में आठ से 16 मार्च तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। दस दिवसीय इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में पूज्य राजन महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का अमृतपान कराएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के अध्यक्ष डा. राजन कल्याण सिंह ने बताया कि आठ से 16 मार्च तक नियमित रूप से प्रतिदिन संध्या 4ः30 बजे से 7ः30 बजे तक कथा होगी। कथा से एक दिन पूर्व सात मार्च को भरौली वाले महाराज की अध्यक्षता में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां एवं कीर्तन शामिल होंगे। 251 माताएं कलश लेकर यात्रा में भाग लेंगी, जिसके लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण हेतु मोबाइल नंबर 7763899182 जारी किया गया है तथा 25 फरवरी तक नामांकन लिया जाएगा। सीमित संख्या प्रशासनिक दिशा-निर्देश एवं परीक्षा केंद्र की स्थिति को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। पंजीकृत महिलाओं को आईडी कार्ड भी उपलब्ध कराया जाएगा तथा कथा के दौरान उनके लिए आरक्षित बैठने की व्यवस्था रहेगी। संयोजक रूपेश कुमार ने बताया कि आयोजन स्थल पर महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग-अलग बैठने की व्यवस्था होगी। प्रेसवार्ता में कोषाध्यक्ष रामप्रेम शंकर सिंह, जादूगर विजय एवं नंद कुमार द्विवेदी उपस्थित थे।

पारस फिजियोथेरेपी क्लिनिक
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है
फिजियोथेरेपी द्वारा बीमारियों का इलाज
• गर्दन का दर्द
• कंधे का दर्द
• कमर का दर्द
• घुटनों का दर्द
• एड़ी का दर्द
• मांसपेशियों का दर्द
• गठिया (Arthritis)
• फालिस (Paralysis)
• स्लिप डिस्क
• सेरेब्रल पाल्सी
• खिंचाव
• लकवा
• चेहरे का लकवा
• स्पोर्ट्स इंजरी
• कंधे का जाम होना
• पार्किंसन रोग
• डिस्क का दबाव
• चेस्ट फिजियोथेरेपी
• हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन
• साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द)
• फ्रेक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न

डॉ. निशान्धिता राज
DPT, BPT(A.K.U)
(महावीर वात्सल्य अस्पताल)
इत्यादि रोगों का इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा होता है।
सौजन्य से :-
श्री जितेन्द्र कुमार सिंह
मरहौरा नगर अध्यक्ष, जनसुराज
-: संपर्क करें
+91 9122395205
+91 9470013465
पता :- पारस सदन मढ़ौरा उत्तर, पुरानी बाजार मठिया,
पोस्ट+थाना - मढ़ौरा, जिला - सारण, बिहार, पिन कोड - 841418